# छत्तीसगढ़ विधानसभा

## पत्रक भाग-एक

## संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा    प्रथम सत्र    अंक-20

**रायपुर, गुरूवार, दिनांक 20 फरवरी, 2014**

**(फाल्गुन-1, शक संवत 1935)**

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

### 1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 8 एवं 10 से 12(कुल 11) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

प्रश्न संख्या 09 के प्रश्नकर्ता सदस्य श्री संतोष उपाध्याय अनुपस्थित थे।

प्रश्न संख्या 01 के प्रश्नकर्त्ता सदस्य श्री शंकर ध्रुवा के स्थान पर श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य अधिकृत थे।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित **13** तारांकित एवं **17** अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

### 2. बहिर्गमन

तारांकित प्रश्न संख्या 01 पर चर्चा के दौरान श्री भूपेश बघेल, सदस्य के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों द्वारा शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया ।

## 3.पृच्छा

नेता प्रतिपक्ष श्री टी.एस.सिंहदेव, सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, जयसिंह अग्रवाल, भूपेश बघेल, सदस्य द्वारा जिला कोरबा में भू-विस्थापितों के साथ दमनात्मक कार्यवाही किये जाने के संबंध में दिये गये स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराये जाने की मांग की गई।

माननीय अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि - मैंने स्थगन प्रस्ताव की सूचना एवं शासन का उत्तर देख लिया है। स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य किया जाता है।

## 4.पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री अमर अग्रवाल, वाणिज्यिक कर मंत्री ने कंपनी अधिनियम, 1956 (क्रमांक 1 सन् 1956) की धारा 619-ए की उपधारा (3) के पद (बी) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010-2011 एवं 2011-2012 **पटल पर रखे।**

## 5. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री लखेश्वर बघेल, श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर संभाग में महिलाओं एवं युवतियों को अन्य प्रदेशों में ले जाकर बेचे जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्री लाभचंद बाफना, सदस्य ने साजा विधान सभा क्षेत्र में पात्र परिवारों का राशन कार्ड नहीं बनाये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 6. नियम 267-क के अधीन विषय

माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित सदस्यों की नियम 267-क की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

(1) श्री बृहस्पत सिंह

(2) श्री अरूण वोरा

(3) डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी

(4) श्री धनेन्द्र साहू

(5) श्री मोतीलाल देवांगन

## 7. याचिकाओं की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित सदस्यों की याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

(1) श्री राजमहंत सांवलाराम डाहरे

(2) डॉ.खिलावन साहू

(3) डॉ.सनम जांगडे

(4) श्री श्रवण मरकाम

(5) श्री लखेश्वर बघेल

(6) श्री केशव चंद्रा

## 8. वक्तव्य

श्री राजेश मूणत, लोक निर्माण मंत्री ने दिनांक 14 फरवरी, 2014 की प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 06 (क्रमांक-585) के उत्तर में चर्चा के दौरान दी गई जानकारी में संशोधन के संबंध में वक्तव्य दिया।

## 9. वर्ष 2014-2015 की अनुदान मांगों पर चर्चा(क्रमश:)

(1) डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन से संबंधित मांग संख्या 1, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय से संबंधित मांग संख्या 2, वित्त विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 6, योजना, आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 31, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 60, ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 12, खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 25, जनसंपर्क विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 32, सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित मांग संख्या 71, विमानन विभाग से संबंधित मांग संख्या 65, तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त होने वाला सहायता अनुदान से संबंधित मांग संख्या 48, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-

नगरीय निकाय से संबंधित मांग संख्या 22, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय कल्याण से संबंधित मांग संख्या 69, नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 81, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 11, खेल और युवक कल्याण से संबंधित मांग संख्या 43, न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन से संबंधित मांग संख्या 29 एवं वन से संबंधित मांग संख्या 10 प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-1 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, मोतीलाल देवांगन, मोहन मरकाम, (डॉ) प्रीतम राम, श्यामलाल कंवर, केशव चंद्रा, गिरवर जंघेल, भैयाराम सिन्हा, जनकराम वर्मा, लखेश्वर बघेल, **मांग संख्या-6 पर** सर्वश्री भैयाराम सिन्हा, जनकराम वर्मा, उमेश पटेल, केशव चंद्रा, **मांग संख्या-12 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री रामदयाल उइके, चिंतामणी महाराज, गिरवर जंघेल, भैयाराम सिन्हा, लालजीत सिह राठिया, जनकराम वर्मा, **मांग संख्या-25 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, **मांग संख्या-71 पर** श्री टी.एस.सिंहदेव, **मांग संख्या-22 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री अरूण वोरा, मोतीलाल देवांगन, श्यामलाल कंवर, केशव चंद्रा, उमेश पटेल, **मांग संख्या-69 पर** श्री धनेन्द्र साहू, **मांग संख्या-11 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, मोतीलाल देवांगन, श्यामलाल कंवर, **मांग संख्या-43 पर** डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री श्यामलाल कंवर, उमेश पटेल, **मांग संख्या-10 पर** श्री टी.एस.सिंहदेव, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री लालजीत सिंह राठिया, मोहन मरकाम, (डॉ.) प्रीतम राम, श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, सर्वश्री श्यामलाल कंवर, लखेश्वर बघेल, श्रीमती देवती कर्मा, श्री अमरजीत भगत, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों एवं कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

**(सभापति महोदय (श्री संतोष बाफना) पीठासीन हुए।)**

(श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री ने श्री संतोष बाफना, सदस्य को प्रथम बार आसंदी पर विराजमान होने पर बधाई दी। )

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री देवजी भाई पटेल,

**(सभापति महोदय (श्री धनेन्द्र साहू) पीठासीन हुए।)**

श्री सत्यनारायण शर्मा,

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)**

सर्वश्री लाभचंद बाफना, भूपेश बघेल, दयालदास बघेल, अमरजीत भगत,

**(सभापति महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए ।)**

सर्वश्री संतोष बाफना, अरूण वोरा, राजमहंत सांवलाराम डाहरे, मोतीलाल देवांगन,

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)**

सर्वश्री लखन देवांगन, लालजीत सिंह राठिया, (डॉ.) खिलावन साहू, कवासी लखमा,

## 10. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि - दिनांक 21 फरवरी को सायं सभा की कार्यवाही स्थगित होने के पश्चात् समस्त माननीय सदस्यों को धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। राजिम जाने हेतु विधान सभा की बस भी उपलब्ध रहेगी। समस्त सदस्य राजिम कुंभ में अतिथि के रूप में सम्मिलित हों।

## 11. वर्ष 2014-2015 की अनुदान मांगों पर चर्चा(क्रमशः)

सर्वश्री नवीन मारकण्डेय, दीपक बैज, श्रीमती चंपादेवी पावले, श्री गुरूमुख सिंह होरा, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी,

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से माननीय मुख्यमंत्री के विभागों की अनुदान मांगों पर सदस्यों का भाषण पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की। माननीय अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की कि - कल इन मांगों पर नेता प्रतिपक्ष का भाषण एवं माननीय मुख्यमंत्री का उत्तर होगा।

सर्वश्री मोहन मरकाम, तोखन साहू, दलेश्वर साहू, श्याम बिहारी जायसवाल, रामदयाल उइके, केशव चंद्रा एवं मोतीराम चन्द्रवंशी ।

**रात्रि 8.02 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनाँक 21 फरवरी, 2014 (फाल्गुन 2, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।**

**देवेन्द्र वर्मा**
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा